हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 2 नवंबर 2026

04 तीर्थ यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का आरोन में किया...



07 वंदे मातरम तथा मध्यप्रदेश गान के साथ मनाया मध्यप्रदेश स्थापना...



समाचार संक्षेप

विश्वगीता प्रतिष्ठानम् ने जिला व नगर कार्यकारिणी में सौंपे नवीन दायित्व

गुना। विश्वगीता प्रतिष्ठानम् गीता स्वाध्याय मंडल द्वारा संगठनात्मकगतिविधियों को गति देने एवं गीता स्वाध्याय के विस्तार के उद्देश्य से जिला एवं नगर कार्यकारिणी के दायित्वों का पुनर्गठन कर नवीन जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। प्रतिष्ठानम् के प्रचार प्रमुख पंडित मनोज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला संयोजक द्वारा कार्यकर्ताओं की सक्रियता, संगठन की आवश्यकता एवं भविष्य की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए नवीन दायित्व निर्धारित किए गए हैं। जिला कार्यकारिणी में बृजभूषण शर्मा को जिला संयोजक, रामकुमार तिवारी को स्वाध्याय प्रधान, रविन्द्र सिंह रघुवंशी को वित्त प्रमुख, नरेंद्र भारद्वाज को गीता परीक्षा प्रमुख, सुभाष त्रिवेदी को गीता शिक्षण प्रमुख, राधेश्याम शर्मा मुद्गल को व्यवस्थापक, महेंद्र सोनी को संगीत संयोजक, लखनलाल नामदेव को संपर्क प्रमुख, पंडित मनोज शर्मा को प्रचार प्रमुख, भारती शर्मा को महिला प्रमुख, संतोष ओझा को युवा मंडल प्रमुख, हेमलता सक्सेना को कार्यालय प्रमुख, बलवीर सिंह यादव को कुटुम्ब स्वाध्याय प्रमुख तथा वीरेंद्र भार्गव को सप्तोत्सव प्रमुख का दायित्व सौंपा गया है।

गुना में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 100 से अधिक महिलाओं का हुआ परीक्षण



गुना। महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश राजपूत के निजी निवास पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इसमें 100 से अधिक महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया गया, वहीं करीब 70 बीपीएल कार्डधारी हितग्राहियों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में डॉ. राजपूत के साथ शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. बबलू धाकड़ ने भी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। शिविर में टीम हेल्प के सदस्यों सीमा लोधा, सिस्टर सिमरन, लता, शुभम, यश, अरविंद, गोलू एवं संतोष सोनी ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। उल्लेखनीय है कि डॉ. सतीश राजपूत प्रत्येक रविवार को अपने निवास पर जरूरतमंद महिलाओं को निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श देते हैं। उनकी इस पहल से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को उपचार और दवाइयों के रूप में राहत मिल रही है।

कुंभराज में पटाखा बाजार का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



कुम्भराज। तहसीलदार कुलदीपसिंह जादौन, सीएमओ लीलाधर सेन और थाना प्रभारी अमित अग्रवाल ने सयुंक्त रूप से पटाखा बाजार का निरीक्षण किया। शहर से डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर लगने वाला यह बाजार गोरयाखेड़ा रोड पर है जहाँ दुकानदार और जनता के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोवस्त किए जा रहे हैं। उक्त अधिकारियो ने बताया कि दुकानदारों को निर्देश दिए गए है कि वे अपनी अपनी दुकानों के बीच मे निश्चित दूरी बनाकर रखे, रेता, बालू, पानी, अग्नि शमन यंत्र आदि की पर्याप्त व्यवस्था रखे ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से निपटा जा सके। दूसरी और जनता को भी प्रशासन ने हिदायत दी है कि वे कोई ज्वलनशील पदार्थ या सामान अपने पास नहीं रखे इसके साथ ही वाहनों से आना जाना और जेब मे आतिशबाजी से संबंधित कोई सामान अपने पास नहीं रखे। सीएमओ लीलाधर सेन ने कहा कि आवश्यकता अनुसार इस प्रांगण मे नगर परिषद द्वारा पानी और लाइट की व्यवस्था की जाएगी।

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी कृषि उपज मंडी में रविवार को कामकाज बंद

व्यापारी बोले- रविवार को बैंक बंद रहने से भुगतान में आती है दिक्कत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी गुना कृषि उपज मंडी में रविवार को कामकाज बंद रहने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर किसान अपनी उपज बेचने के लिए मंडी पहुंच रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मंडी में कामकाज बंद होने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि किसानों की सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी या मंडी में साप्ताहिक अवकाश की मांग को? मंडी में काम करने वाले तुलावटी और हम्मालों का कहना है कि वे सप्ताह के सातों दिन मेहनत करते हैं। सुबह 9 बजे मंडी पहुंचने के बाद रात 10 बजे तक काम करना पड़ता है। लगातार काम करने के कारण वे थक जाते हैं, इसलिए सप्ताह में एक दिन की छुट्टी चाहते हैं।

वहीं, व्यापारियों का कहना है कि रविवार को बैंक बंद रहते हैं। ऐसे में यदि किसानों की उपज की खरीदी की जाए और भुगतान से संबंधित बैंकिंग कामकाज बंद रहे, तो विवाद और हंगामे की स्थिति बन सकती है। व्यापारियों का तर्क है कि या तो रविवार को बैंक चालू रहें या फिर मंडी में एक दिन का अवकाश रखा जाए।

मंडी सचिव ने कहा- सभी सहमत हों तो दोनों दिन चालू रखेंगे मंडी

इस संबंध में मंडी सचिव आरपी सिंह ने बताया कि व्यापारियों के साथ इस विषय पर बैठक की गई थी। बैठक में व्यापारियों ने अपनी समस्याएं रखते हुए बताया कि रविवार को बैंक बंद रहने के कारण किसानों की उपज की खरीदी और भुगतान में परेशानी आती है। इससे विवाद की स्थिति भी बन सकती है। व्यापारियों की मांग है कि रविवार को बैंक चालू किए जाएं, अन्यथा मंडी में सप्ताह में एक दिन का अवकाश रखा जाए। मंडी सचिव ने आगे कहा कि यदि व्यापारी, तुलावटी और अन्य संबंधित पक्ष सहमत हो जाते हैं तो मंडी प्रशासन शनिवार और रविवार दोनों दिन मंडी चालू रखने के लिए तैयार है।

सवाल: किसानों की परेशानी का समाधान कब?

जब किसानों की सुविधा के लिए मंडी चालू रखने की बात कही जा रही है, तो फिर रविवार को मंडी बंद रहने से किसानों को होने वाली परेशानी का समाधान कब और कैसे होगा? क्या मंडी प्रबंधन, व्यापारी, हम्माल और तुलावटी आपसी सहमति से ऐसा रास्ता निकालेंगे, जिससे किसानों की उपज की बिक्री प्रभावित न हो और मंडी में काम करने वाले श्रमिकों को भी साप्ताहिक अवकाश मिल सके? अब देखना यह होगा कि प्रशासन और संबंधित पक्ष इस समस्या का स्थायी समाधान कब तक निकाल पाते हैं, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए मंडी के चक्कर न लगाने पड़ें।

एनएफएल प्लांट के अंदर से तांबे की केबल चोरी

गुना। जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएफएल प्लांट के भीतर से तांबे की केबल चोरी करने का मामला सामने आया है। प्लांट के अंदर चोरी कर ट्रैक्टर के टूल बॉक्स में छिपाकर ले जाई जा रही केबल को सीआईएसएफ की टीम ने मुख्य गेट पर चेकिंग के दौरान पकड़ लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ चोरी और अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीआईएसएफ के सहायक उपनिरीक्षक कालीचरण कोरी ने थाना विजयपुर में लिखित आवेदन पेश कर बताया था कि गत दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे के बीच प्लांट परिसर के अंदर से केबल चोरी की गई थी। जब आरोपी ट्रैक्टर के टूल बॉक्स में केबल छिपाकर मटेरियल गेट से बाहर निकल रहे थे, तो नियमित चेकिंग के दौरान सुरक्षा बल ने उसे बरामद कर लिया। हालांकि, चेकिंग के दौरान तीनों आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब हो गए। पुलिस ने जांच प्रतिवेदन के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध किया है।

गुमशुदाओं की तलाश को लेकर गुना पुलिस का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गुमशुदा व्यक्तियों तथा गुमशुदा बालक-बालिकाओं से संबंधित प्रकरणों में जारी दिशा-निर्देशों एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के प्रभावी पालन के उद्देश्य से पुलिस कंट्रोल रूम गुना में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य गुमशुदगी के मामलों में पुलिस की कार्यप्रणाली को अधिक संवेदनशील, त्वरित एवं प्रभावी बनाना तथा न्यायालय द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप तत्काल एफआईआर दर्ज कर गुमशुदा व्यक्तियों की शीघ्र पतासाजी, मानव दुर्व्यापार की रोकथाम एवं अनुसंधान, उम्र निर्धारण संबधी महिला अपराधों की प्रथम सूचना एवं विवेचना, गंभीर अपराधों का पर्यवेक्षण, साक्ष्य संकलन एवं विवेचना को सुदृढ बनाना रहा।

प्रशिक्षण के दौरान एएसपी प्रशांत सिंह सुमन एवं डीएसपी अजाक विवेक अष्ठाना द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को सर्वोच्च न्यायालय की गाइडलाइंस, संबंधित कानूनी प्रावधानों, आधुनिक जांच तकनीकों तथा प्रभावी विवेचना के विभिन्न पहलुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही गुमशुदा बालक-बालिकाओं से संबंधित मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरतने, त्वरित कार्रवाई करने एवं प्रत्येक प्रकरण में गंभीरतापूर्वक पतासाजी करने पर विशेष जोर दिया गया।

न्यू सिटी कॉलोनी में महिला से मारपीट, मामला दर्ज

गुना। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत न्यू सिटी कॉलोनी में एक फाइनेंस कर्मी की पत्नी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पति के ऑफिस पहुंचने को लेकर पूछताछ करने गई महिला पर घर में मौजूद लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। पुलिस ने मामले में तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, न्यू सिटी कॉलोनी में किराए से रहने वाली कल्पना शर्मा (26) के पति आशीष शर्मा कमल माइक्रो फाइनेंस में नौकरी करते हैं। दो दिन पहले कॉलोनी में रहने वाला श्याम धाकड़ उनके ऑफिस पहुंचा था। इसी बात की जानकारी लेने के लिए कल्पना सुबह श्याम के घर गई थी। वहां उसका भाई संतोष धाकड़ मिला। जब कल्पना ने श्याम के ऑफिस जाने का कारण पूछा, तो संतोष गंदी-गंदी गालियां देने लगा। विरोध करने पर संतोष ने घर में रखा डंडा उठाकर कल्पना के सिर पर दे मारा।

कार्रवाई: बंधुआ मजदूरी के लिए बंधक बनाए गए 16 मानसिक रूप से अस्वस्थ लोग मुक्त

समाजसेवी प्रमोद भार्गव की शिकायत पर पांच थाना क्षेत्रों में चला अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले में मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों को बंधक बनाकर उनसे जबरन काम कराने की प्रथा के खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस ने कार्रवाई की है। इस माह समाजसेवी प्रमोद भार्गव की शिकायत पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त पहल से जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 16 मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों को मुक्त कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, गुना कलेक्टर किशोर कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व और मार्गदर्शन में चाचौड़ा, मृगवास, राघौगढ़, म्याना और मधुसूदनगढ़ थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने कार्रवाई करते हुए इन लोगों को बंधन से मुक्त कराया। इसके बाद सभी को अपना घर आश्रम, शिवपुरी में आश्रय दिलाया गया है, जहां उनके उपचार और देखभाल की व्यवस्था की जा रही है।समाजसेवी प्रमोद भार्गव लंबे समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ और असहाय लोगों को बंधक बनाकर उनसे जबरन मजदूरी कराने की प्रथा के खिलाफ काम कर रहे हैं। उनका कहना है कि कुछ दबंग लोग ऐसे लोगों को जबरन पकड़कर होटल, घरों और खेतों में काम कराने के लिए मजबूर करते हैं। उन्हें न तो मानवीय जीवन मिलता है और न ही बुनियादी सुविधाएं।

कई लोगों को फटे कपड़ों में रखा जाता है, उन्हें बचा हुआ भोजन दिया जाता है और प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है।भार्गव के अनुसार, मुक्त कराए गए लोगों को सबसे पहले उपचार उपलब्ध कराया जाता है। इसके बाद उनकी पहचान और परिवार का पता लगाने का प्रयास किया जाता है। यदि परिवार का पता नहीं चलता है, तो उनके रहने और इलाज के लिए आश्रम में व्यवस्था कराई जाती है।उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति भी समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें भी सम्मान, स्वतंत्रता तथा अपने सभी मानवीय अधिकारों के साथ जीवन जीने का पूरा हक है। इस मुद्दे को लेकर उन्होंने अपनी शिकायत राष्ट्रपति तक भी पहुंचाई है। फिलहाल वे ग्वालियर और चंबल संभाग में ऐसे लोगों को बंधन से मुक्त कराने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। वहीं, कलेक्टर किशोर कन्याल और पुलिस अधीक्षक हितिका वासल का कहना है कि इस तरह की प्रथा के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले में ऐसी अमानवीय प्रथा को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है।16 लोगों की मुक्ति की यह कार्रवाई मानसिक रूप से अस्वस्थ और असहाय व्यक्तियों के अधिकारों, सम्मान की दिशा में पहल है।

खेत की बुवाई को लेकर दो पक्षों में खूनी झड़प, दोनों तरफ से कई लोग घायल, क्रॉस मामला दर्ज

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम हिनोतिया में खेत में बुवाई को लेकर उपजा विवाद गंभीर मारपीट में बदल गया। जमीन के मालिकाना हक और बुवाई को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें एक महिला समेत दोनों पक्षों के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बाद दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने क्रॉस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गत दिवस ग्राम हिनोतिया में खेत पर उस वक्त हडकंप मच गया जब एक पक्ष के गंगाराम सैन, उनके पुत्र गौरव, सौरव और मुकेश खेत में राई की बुवाई कर रहे थे। तभी दूसरे पक्ष से हरिओम धाकड़, उनके चाचा थानसिंह और जीजा नीरज मौके पर पहुंचे और बुवाई करने से मना करते हुए विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि दोनों तरफ से लाठी-डंडे चलने लगे। पहले पक्ष के हरिओम धाकड़ की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज किया, जिसमें उनके चाचा थानसिंह के चेहरे, पीठ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं, दूसरे पक्ष से गौरव सैन (18) ने भी थाने पहुंचकर काउंटर रिपोर्ट दर्ज कराई।

राष्ट्रीय चेतना का पुनर्जागरण है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ: दुबे



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को मृगवास में पथ संचलन एवं शस्त्रपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय मंडी प्रांगण में सैकड़ों स्वयंसेवक एकत्रित हुए। शस्त्रपूजन, गीत एवं अमृतवचन के पश्चात मुख्य वक्ता संघ के विभाग सामाजिक समरसता प्रमुख एवं व्याख्याता पं. तुलसीदास दुबे ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया।

पं. दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंदू समाज की संगठित शक्ति और राष्ट्रीय चेतना के पुनर्जागरण का माध्यम है। सनातन संस्कृति सदाचार, संस्कार, समरसता, सत्य, अहिंसा, प्रेम और बंधुत्व की प्रेरणा देती है। संघ का उद्देश्य समाज की सज्जन शक्ति को संगठित, अनुशासित एवं समर्थ बनाकर राष्ट्रहित में सक्रिय करना है।

उन्होंने कहा कि पथ संचलन का उद्देश्य समाज में अनुशासन, विश्वास, सुरक्षा, समरसता और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देना है। संघ का मूल कार्य व्यक्ति निर्माण है और शाखा इसका प्रमुख केंद्र है। नियमित शाखा, खेल, संस्कार, सेवा और अनुशासन से व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास होता है। उन्होंने संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के राष्ट्र पुनरुत्थान एवं संगठित समाज निर्माण के संकल्प को भी स्मरण किया।

पं. दुबे ने पंच परिवर्तन के अंतर्गत सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भाव और नागरिक कर्तव्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को नशाखोरी, पर्यावरण प्रदूषण, संस्कारहीनता और सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि शक्ति का वास्तविक उद्देश्य समाज की रक्षा, सेवा और सकारात्मक परिवर्तन होना चाहिए।

चौराहे पर यातायात व्यवस्था बदहाल, बंद सिग्नल लाइटों से वाहन चालक परेशान

दिशा सूचक बोर्डों के अभाव में भटक रहे बाहरी वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



त्यौहारी सीजन में शहर के सबसे व्यस्त और प्रमुख आवागमन केंद्रों में शुमार हनुमान चौराहे पर यातायात व्यवस्था इन दिनों भगवान भरोसे चल रही है। चौराहे पर लंबे समय से सिग्नल लाइट के बंद पड़े होने और दिशा बताने वाले स्पष्ट संकेतकों के अभाव में पूरा ट्रैफिक सिस्टम चरमरा गया है। आलम यह है कि स्थानीय लोगों के साथ-साथ शहर से बाहर आने वाले अनजान वाहन चालक भी भ्रमित होकर गुजरने को मजबूर हैं, जिससे आए दिन यहां जाम और दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। चौराहे की इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि नगरपालिका और यातायात विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को इस बदहाली की पूरी जानकारी है, इसके बावजूद वे अनजान बने हुए हैं। कुछ समय पहले यातायात डीएसपी मुकेश दीक्षित ने स्पष्ट किया था कि हनुमान चौराहे की सिग्नल लाइटों को चालू कराने का जिम्मा नगरपालिका गुना का है, लेकिन हफ्तों बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। नगरपालिका सीएमओ और यातायात अमले की इस कागजी कार्रवाई और सुस्ती के चलते आम जनता को रोज ही भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

भ्रमित हो रहे बाहरी चालक, हादसों का मंडराता खतरा

हनुमान चौराहा शहर का मुख्य प्रवेश द्वार और जंक्शन है, जहां दिनभर हजारों दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों की भारी आवाजाही रहती है। उचित सांकेतिक बोर्ड और चालू सिग्नल के अभाव में जो वाहन चालक पहली बार इस मार्ग से गुजरते हैं, वे दिशाहीन होकर गलत रास्तों पर मुड़ जाते हैं। कई बार भारी वाहन भी अनियंत्रित होकर शहर के भीतर तक घुस आते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का यह भी आरोप है कि यातायात पुलिस की कार्यशैली केवल चालानी कार्रवाई तक सिमटकर रह गई है, जबकि चौराहे पर सुचारू ट्रैफिक संचालन के लिए नियमित पुलिस बल की तैनाती बेहद जरूरी है।

शहरवासियों ने जिला प्रशासन से तीखे सवाल करते हुए मांग की है कि क्या किसी बड़े हादसे के इंतजार में अधिकारी कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं? जनता ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही हनुमान चौराहे की सिग्नल लाइट को दुरुस्त कर सुचारू नहीं किया गया और संकेतक नहीं लगाए गए, तो लोगों को सडक़ों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

समाचार संक्षेप

कन्या महाविद्यालय में 30 दिवसीय ब्यूटीशियन कोर्स के प्रशिक्षण का समापन



चाचौड़ा। शासकीय कन्या महाविद्यालय चाचौड़ा में स्वामी विवेकानन्द करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत 30 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संजीत वास्तव(CEO जनपद पंचायत चाचौड़ा) एवं विशिष्ट अतिथि श्रवण कुमार नागले (CDPO, महिला एवं बाल विकास विभाग चाचौड़ा), तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. गोरेलाल बिसोरिया द्वारा की गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणकर्ता पूर्ति व्यास द्वारा विगत एक माह के अंतर्गत स्किन केयर, थ्रेडिंग, हेयर स्टाइल, मेकअप आर्टिस्ट्री, नेल आर्ट्स इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया ताकि छात्राएं इस क्षेत्र में स्वरोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम का संचालन संदीप कुमार , प्रकोष्ठ प्रभारी' स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रो. विनोद कुमार छारी, डॉ. कुलदीप शर्मा, डॉ. राज मोहम्मद, प्रो. नीलू मांझी, गरुड़ेस व्यास, प्रकाशचंद्र तामरे सहित महाविद्यालय का समस्त एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर संगोष्ठी व निबंध प्रतियोगिता की गई आयोजित



आरोन। युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित माय भारत केंद्र गुना के जिला युवा अधिकारी के निर्देशन में सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती कार्यक्रम के अवसर पर संगोष्ठी, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन नारायण युवा मंडल आरोन के संयोजन मै शासकीय हाईस्कूल रामपुर में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम मै मुख्य अतिथि के रूप मै संकुल प्राचार्य बालाराव एवं मुख्य वक्ता के रूप मै विजय वास्तव जी ने माँ सरस्वती और सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप मै उपस्थित विजय वास्तव जी ने राष्ट्रीय एकता मै सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के योगदान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देशी रियायतों का विलय करके अखंड भारत की स्थापना की। इसलिए उन्हें लौहपुरुष कहा जाता है। इस अवसर पर छात्र/छात्राओं के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। अंत मै शपथ लेकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

नगर में प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पॉलीथिन और प्लास्टिक कचरा निकल रहा

राघौगढ़ में प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से चल रहा पॉलीथिन का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



नगर में प्रतिबंध के बावजूद सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथिन का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। पर्यावरण को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों में पॉलीथिन भी शामिल है, लेकिन न तो जिम्मेदार अधिकारियों का इस ओर ध्यान है और न ही आमजन इसके प्रति जागरूक नजर आ रहे हैं। यही वजह है कि लगातार नगर और जिले में प्लास्टिक कचरे का ढेर बढ़ता जा रहा है, जो पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है।

सरकार ने 1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक की कई श्रेणियों पर प्रतिबंध लागू किया था। इसके साथ ही प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग, बिक्री और भंडारण पर रोक लगाने के लिए कड़े प्रावधान भी किए गए थे। नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माने और कारावास तक का प्रावधान है। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर इन नियमों का प्रभावी पालन नहीं हो पा रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते आज भी नगर और जिलेभर में प्रतिबंधित पॉलीथिन एवं प्लास्टिक सामग्री की बिक्री खुलेआम हो रही है। नगर में प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पॉलीथिन और प्लास्टिक कचरा निकल रहा है। यह कचरा नालियों, खाली भूखंडों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जमा होकर पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है। प्रतिबंध के बावजूद दुकानों पर पॉलीथिन का उपयोग जारी है। न तो आमजन अपनी जिम्मेदारी समझ रहे हैं और न ही संबंधित विभाग इसकी बिक्री और उपयोग पर प्रभावी रोक लगा पा रहे हैं। पॉलीथिन केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि जमीन और जल स्रोतों के लिए भी गंभीर नुकसानदायक है। इसे जमीन में दबाने से मिट्टी की प्राकृतिक गुणवत्ता और जल के रिसाव की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। वहीं, पॉलीथिन को खुले में जलाने से जहरीला धुआं निकलता है, जो वायु प्रदूषण बढ़ाने के साथ मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

नगर और जिलेभर में प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री के साथ डिस्पोजल गिलासों का उपयोग भी धड़ल्ले से किया जा रहा है। कई डिस्पोजल गिलासों में प्लास्टिक की परत होती है। गर्म चाय या अन्य पेय पदार्थ डालने पर इनसे कुछ रासायनिक तत्वों के निकलने की आशंका रहती है, जो स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। ऐसे उत्पादों का लगातार उपयोग स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ा सकता है।

तीर्थ यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का आरोन में किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

अयोध्या धाम एवं काशी विश्वनाथ के पावन दर्शन कर धार्मिक यात्रा से सकुशल लौटे तीर्थ यात्रियों का आरोन में ब्राह्मण समाज, रघुवंशी समाज एवं शिक्षक संघ द्वारा स्वागत और सम्मान किया गया। गौरतलब है कि यह पुण्यमयी यात्रा समाजसेवी पंडित राम प्रकाश शर्मा द्वारा अपनी माता की स्मृति में कराई गई थी।

यात्रा पर रवाना होते समय भी ब्राह्मण समाज के बंधुओं ने पुष्पमालाओं के साथ श्रद्धालुओं का स्वागत कर मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी थीं। वहीं यात्रा पूर्ण कर लौटने पर पुनः आत्मीयता और हर्षोल्लास के साथ उनका अभिनंदन किया गया।स्वागत कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज, रघुवंशी समाज सहित समाज के वरिष्ठजनों ने तीर्थ यात्रियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उनकी सुखद एवं सफल धार्मिक यात्रा के लिए प्रसन्नता व्यक्त की। इसी क्रम में शिक्षक संघ के शिक्षकों द्वारा भी यात्रियों का सम्मान किया गया।यह आयोजन सामाजिक सौहार्द, आपसी प्रेम, भाईचारे और धार्मिक आस्था का सुंदर उदाहरण बना। धार्मिक यात्राएं केवल तीर्थ दर्शन का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि वे आस्था, संस्कार, सद्भाव और सामाजिक एकता को भी मजबूत करती हैं।

कार्यक्रम में 30 प्रतिभागियों ने दी संगीतमय प्रस्तुतियां, सामाजिक समरसता का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, दिल्ली पंजीकृत द्वारा स्थानीय मानस भवन, गुना में कराओके गीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुना सहित अशोकनगर, शिवपुरी, कुंभराज, राघौगढ़ एवं एनएफएल विजयपुर के संगीत प्रेमियों ने अपनी गायन प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में कुल 30 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेंद्र श्रीवास्तव, फाउंडर वाय.डी.सी. कंपनी शिवपुरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राहुल शर्मा, गुना, राजगढ़ एवं अशोकनगर ने की।

विशेष अतिथियों के रूप में वरिष्ठ व्याख्याता लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव, अभिषेक शर्मा गुना, नरेंद्र श्रीवास्तव अध्यक्ष चित्रगुप्त मंदिर न्यास एवं अमोद श्रीवास्तव मोटिवेशनल स्पीकर शिवपुरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का स्वागत भाषण एवं उद्देश्य प्रतिपादन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक राजेश श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य उन प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है, जो संकोचवश अपनी गायन प्रतिभा को प्रदर्शित नहीं कर पाते।

संगीत एक ऐसी विधा है, जो मानसिक तनाव को दूर करने के साथ-साथ आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि महासभा भविष्य में भी सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास करती रहेगी।कार्यक्रम में गायन प्रतियोगिता के दो दौर आयोजित किए गए। प्रथम दौर में सभी प्रतिभागियों ने अपना पहला गीत प्रस्तुत किया।

श्री हनुमान रामलीला में भगवान श्रीराम और नारद संवाद का मंचन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज



श्री हनुमान रामलीला में शुक्रवार की रात्रि पम्पा सरोवर पर भगवान श्रीराम और नारदजी के बीच संवाद का मंचन किया गया। इसमें नारदजी ने भगवान से विवाह न करने का कारण पूछा तथा संतों के गुणों की चर्चा हुई। इसके बाद ऋष्यमूक पर्वत पर भगवान श्रीराम और लक्ष्मणजी को आते देखकर सुग्रीव आश्चर्यचकित हो जाते हैं। उन्हें आशंका होती है कि कहीं दोनों भाई बाली द्वारा भेजे गए योद्धा तो नहीं हैं। इस पर वे हनुमानजी को विप्र (ब्राह्मण) का वेश धारण कर उनका परिचय जानने के लिए भेजते हैं। हनुमानजी ब्राह्मण वेश में भगवान श्रीराम से भेंट करते हैं। परिचय प्राप्त होने पर वे अपने वास्तविक स्वरूप में आकर भगवान से प्रार्थना करते हैं और दोनों भाइयों को अपने कंधों पर बैठाकर सुग्रीव के पास ले जाते हैं। इसके बाद भगवान श्रीराम और सुग्रीव के बीच परिचय होता है तथा अग्नि को साक्षी मानकर दोनों मित्रता के बंधन में बंध जाते हैं। मित्रता के पश्चात दोनों एक-दूसरे को अपनी आपबीती सुनाते हैं। सुग्रीव बताते हैं कि उनके भाई बाली ने उनकी पत्नी और राज्य छीन लिया है। इस पर भगवान श्रीराम सुग्रीव को न्याय दिलाने और पृथ्वी को राक्षसों से मुक्त कराने में सहायता करने का आश्वासन देते हैं। इसके बाद भगवान श्रीराम सुग्रीव को बाली से युद्ध करने के लिए भेजते हैं, लेकिन दोनों भाइयों का रूप एक जैसा होने के कारण भगवान उन्हें पहचान नहीं पाते। सुग्रीव मार खाकर वापस लौट आते हैं। दूसरी बार भगवान श्रीराम सुग्रीव के गले में माला पहनाकर उन्हें युद्ध के लिए भेजते हैं। पहचान सुनिश्चित होने पर भगवान श्रीराम सात ताड़ वृक्षों की ओट से बाण चलाकर बाली का वध कर देते हैं।

बाली वध के दौरान दोनों के बीच मार्मिक संवाद होता है। बाली भगवान श्रीराम से प्रश्न करता है कि आपने सुग्रीव को प्रिय मानकर उसका साथ दिया और मुझे शत्रु समझकर क्यों मार दिया।

लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ को लेकर भाजपा ने की गोष्ठी आयोजित



अशोकनगर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को स्थानीय माधव भवन में लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ को लेकर अशोकनगर विधानसभा की प्रमुख नागरिक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

उक्त जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राज्यसभा सांसद रजनीश अग्रवाल ने भाजपा की केंद्र तथा राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं,लोकतंत्र की मजबूती संवैधानिक मूल्यों की रक्षा तथा समाज में शांति सुशासन एवं व्यवस्था बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने विपक्षी दलों विशेष कर कांग्रेस द्वारा वर्तमान में जो देश में अराजकता भरे हालत पैदा किए जा रहे हैं, इसकी कड़ी आलोचना की उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ है, जिसके चलते केंद्र तथा कई राज्यों में सुचारू रूप से भाजपा की सरकारें चल रही है और आमजन की सेवा कर रही है। संगोष्ठी को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व अध्यक्षीय भाषण भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी ने दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष सुधीर रघुवंशी ने एवं आभार टोली के संयोजक प्रताप भान सिंह यादव ने व्यक्त किया। इस दौरान मंच पर पूर्व विधायक जजपाल सिंह,लड्डूराम कोरी गजराम सिंह यादव नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ओबीसी मोर्चा प्रदेश महामंत्री रविंद्र लोधी पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष जैन उमेश रघुवंशी मलकीत सिंह संधू रोशन कोहली सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

नवांकुर संस्था श्री सिद्ध बाबा सौंघना सेवा प्रचार प्रसार समिति ने स्थापना दिवस मनाया



ईसागढ़। मध्यप्रदेश के 71वें स्थापना दिवस के अवसर पर नवांकुर संस्था श्री सिद्ध बाबा सौंघना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर द्वारा स्थापना दिवस कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, मेंटर्स तथा नवांकुर सखियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान छात्रा अंजली बघेल ग्रुप द्वारा मध्यप्रदेश स्थापना गीत की सुंदर प्रस्तुति दी गई। गीत के माध्यम से उपस्थित लोगों में प्रदेश के गौरव, संस्कृति और विकास के प्रति उत्साह एवं गौरव की भावना देखने को मिली। कार्यक्रम के अंत में संस्था सचिव दिनेश कुमार सेन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, छात्र-छात्राओं, मेंटर्स एवं नवांकुर सखियों का आभार व्यक्त करते हुए मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन प्रदेश की एकता, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ। इस दौरान बैठक में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति आकलोन के लिए आशा देशमुख सचिव सोनम जाटव अध्यक्ष के नाम का चयन किया। वहीं दयालपुर के लिए जय जाधव के नाम का चयन किया। शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत न्यायालय में हुआ बाल जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



01 नवम्बर को जिला न्यायालय अशोकनगर में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एवं बाल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर सतीश चंद्र शर्मा, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय केशव मणि सिंघल, जिला न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिषेक नागराज तथा अन्य समस्त सम्माननीय न्यायाधीशगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्तागण एवं बालक-बालिका छात्रावास से आए छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह का सीधा प्रसारण दिखाया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित गर्ल्स एवं बॉयज छात्रावास के छात्र- छात्राओं ने समस्त अतिथियों एवं विशेषज्ञों द्वारा दिए गए उद्बोधनों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनमें बताई गई महत्वपूर्ण बातों को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। बच्चों को यह संदेश दिया गया कि किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार अथवा शोषण की स्थिति में भयभीत या मौन न रहें, बल्कि अपने अभिभावकों,शिक्षकों अथवा विश्वसनीय व्यक्तियों को इसकी जानकारी दें तथा आवश्यकता पड़ने पर विधिक सहायता प्राप्त करें। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा द्वारा बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित समस्त अतिथियों, न्यायिक अधिकारियों, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्तागण एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सुरक्षित बचपन के उद्देश्य को सफल बनाने तथा बच्चों के अधिकारों एवं संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया।

सूने रास्तों पर बढ़ रही अनैतिक गतिविधियां, कन्या छात्रावास और हैंडलूम पार्क मार्ग बने मुख्य अड्डे



चंदेरी। ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी चंदेरी में इन दिनों विभिन्न सार्वजनिक और सूने मार्ग असामाजिक तथा अनैतिक गतिविधियों के मुख्य केंद्र बनते जा रहे हैं। सबसे संवेदनशील और चिंताजनक स्थिति नगर के कन्या शाला गर्ल्स हॉस्टल के समीप एवं हैंडलूम पार्क मार्ग पर देखने को मिल रही है,जहाँ दिन-दिहाड़े और सुबह- शाम कम उम्र के युवा-युवतियों कपल्स का जमावड़ा लगा रहता है। आवाजाही कम होने का फायदा उठाकर यहाँ सरेआम अमर्यादित हरकतें और चर्चाएं देखने को मिल रही हैं, जिससे आसपास के निवासियों और छात्राओं की सुरक्षा पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा हो गया है।

गर्ल्स हॉस्टल के पास अनैतिक हरकतें बनीं सुरक्षा में सेंध

हैंडलूम पार्क मार्ग से सटा हुआ कन्या छात्रावास होने के कारण यह पूरा मामला अत्यंत संवेदनशील हो जाता है। हॉस्टल के आसपास इस तरह की अवांछित गतिविधियों से वहां रह रही छात्राओं में असहजता और असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सूनेपन का फायदा उठाकर कम उम्र के लड़के-लड़कियां यहाँ घंटों खड़े रहते हैं,जिससे मार्ग से गुजरने वाली महिलाओं और बच्चियों के लिए असहज स्थिति पैदा हो जाती है।

सभी समाज के प्रमुखों को सौंपी संगठन की जिम्मेदारी

शिक्षा, सेवा और राष्ट्रहित के कार्यों को आगे बढ़ाने पर दिया जोर



अशोकनगर। सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में सकल हिंदू समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष राजेश बालू ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं भगवान श्रीराम के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा, प्रदेश मंत्री अभय खेर, प्रदेश कोषाध्यक्ष रामकुमार चैधरी एवं कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र सिंह यादव सहित विभिन्न समाजों के प्रमुख एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश मंत्री अभय खेर ने संगठन की रूपरेखा, विचारधारा एवं आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए कहा कि सकल हिंदू समाज का उद्देश्य सभी समाजों एवं सामाजिक संगठनों को एक मंच पर जोड़कर आपसी प्रेम, भाईचारा, सामाजिक समरसता एवं सकारात्मक सोच को मजबूत करना है।

समाज सेवा और राष्ट्रहित के लिए एकजुट हों सभी समाज: प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा ने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सकल हिंदू समाज कोई राजनीतिक मंच नहीं, बल्कि समाज सेवा और सामाजिक समरसता का एक व्यापक अभियान है। हमारा उद्देश्य सभी समाजों को साथ लेकर नर सेवा नारायण सेवा के भाव से सेवा कार्यों को आगे बढ़ाना है। समाज के युवाओं को राष्ट्रभक्ति,संस्कार एवं सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज समाज के सामने अनेक चुनौतियां हैं। हमें आपसी भेदभाव, जातिगत मनमुटाव और सामाजिक दूरियों को समाप्त कर एक-दूसरे के प्रति सम्मान एवं सकारात्मक सोच विकसित करनी होगी। कार्यक्रम को दिनेश जैन ने भी संबोधित किया।

अवैध रूप से उगाए जा रहे आरोपी से गांजे के 26 पौधे बरामद

अशोकनगर। थाना प्रभारी कचनार उप निरीक्षक सत्येन्द्र कुशवाह के नेतृत्व में थाना कचनार पुलिस द्वारा ग्राम बांसखेड़ी में दबिश देकर अवैध रूप से उगाए गए गांजे के 26 छोटे-बड़े पौधे, कुल वजन 26 किलोग्राम, जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। उल्लेखनीय है कि चैकी प्रभारी राजपुर उप निरीक्षक गौरीशंकर ओझा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम बांसखेड़ी निवासी अशोक पुत्र रामसिंह यादव द्वारा अपने घर के आंगन में अवैध रूप से गांजे के पौधे उगाए जा रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा पंच साक्षियों के साथ मौके पर पहुंचकर विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी अशोक यादव के घर के आंगन में गांजे के 26 छोटे-बड़े पौधे लगे हुए पाए गए।

लापरवाही का लगाया आरोप

डिलेवरी के बाद महिला की मौत



अशोकनगर। सिटी कोतवाली के अंतर्गत ग्राम आंवरी निवासी प्रसूतिका आरती कुशवाह पति अरबिंद कुशवाह को जिला अस्पताल अशोकगर में प्रसूती के लिए लाया गया था। ऑपरेशन से डिलेवरी के बाद इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

शनिवार को परिवार जन आरती कुशवाह को प्रसव पीड़ा होने के बाद जिला अस्पताल अशोकनगर में डिलेवरी के लिए लेकर पहुंचे थे डयूटी पर मौजूद महिला चिकित्सक डॉ. कीर्ति गोलिया द्वारा दोपहर तक यही कहा जाता रहा कि वह आ रही हैं, वह इंतजार करते रहे, 2 बजे के बाद जब वह अस्पताल आईं तब आरती कुशवाह ने ऑपरेशन के बाद बेटे को जन्म दिया, उस समय तक प्रसूतिका की हालत सामान्य थी, लेकिन कुछ देर बाद मौजूदा स्टाफ द्वारा कहा गया कि महिला को खून की कमी है, परिवार जनों की ओर से नीरज कुशवाह ने बताया कि उसके बाद उनकी हालत गंभीर बताई गई और देर रात आरती कुशवाह की मौत हो गई। रविवार को पोस्टमार्टम किया गया पोस्टमार्टम के दौरान परिवार जनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही पर आरोप लगाया है, और पूरे मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

खबर संक्षेप

दो बाईक आपस में टकराईं

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत मनकपुर निवासी दीपेन्द्र चंदेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अकेडमिक पब्लिक स्कूल के पास बाईक क्रमांक एमपी 67 जेडबी 7510 के चालक ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे फरियादी और उसके पिता पहलवान चंदेल और मां मुन्नीबाई चंदेल को चोटे आई हैं।

महिला की उपचार के दौरान मौत

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत अंबेडकर मोहल्ला निवासी फूल बाई पत्नि बाबूलाल अहिरवार उम्र 60 साल की कोलुआ रोड़ पर प्रदीप जैन के वेयरहाउस के समीप ट्रेक्टर से हुए एक्सीडेंट के बाद जिला अस्पताल में उपचार के चलते मौत हो गई। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

बिजली का करंट लगने से ग्रामीण की मौत

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ब्रजभान पुत्र सिरनाम सिंह यादव उम्र 52 साल निवासी ग्राम सिरसौद की भीकली वाले खेत में बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

ऑटो की टक्कर से युवक घायल

अशोकनगर। जिले क मुंगावली थाने के अंतर्गत देवेन्द्र आदिवासी उम्र 20 निवासी किरमच खेड़ी को आम रोड़ पर टेक्सी क्रमांक एमपी 67 जेडई 6705 के अज्ञात चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

जहरीला पदार्थ का सेवन करने से महिला की मौत

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत रामदेवी पत्नि गोलू लोधी उम्र 25 साल निवासी ग्राम चिरोली ने अपने ही घर में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई, जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी रूक्मणी बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सूरज और सरदार अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुर्जर मोहल्ला मुंगावली निवासी आशीष गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरिराम, रामगोपाल, देवेन्द्र और गणेशराम आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी और उसकी टेक्सी का कांच फोड़ दिया। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरेसरा निवासी धर्मेन्द्र जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी करण और रामकृष्ण जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बमनावर निवासी मनीष रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मनोज राय और कार्तिक राय ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने 60 लीटर हाथभट्टी की कच्ची शराब व बाईक की बरामद

अशोकनगर। थाना प्रभारी मुंगावली द्वारा 60 लीटर हाथभट्टी की कच्ची शराब को जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। उल्लेखनीय की थाना मुंगावली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम सरदारपुर के पास निर्माणाधीन पुल के नजदीक एक व्यक्ति अवैध हाथभट्टी की कच्ची शराब बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर थाना प्रभारी मुंगावली उनि अरविन्द सिंह कछुवाह द्वारा पुलिस टीम गठित कर तत्काल कार्रवाई हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान ग्राम सरदारपुर, मुंगावली स्थित निर्माणाधीन पुल के पास दबिश देकर आरोपी को पकड़ा गया।

कार्यक्रम में प्रदेश के विकास की गाथा के साथ योजनाओं पर डाला प्रकाश

वंदे मातरम तथा मध्यप्रदेश गान के साथ मनाया मध्यप्रदेश स्थापना दिवस





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय पर स्थानीय मानस भवन में 71वे मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह में मध्यप्रदेश के विकास की तस्वीर और योजनाओं पर मुख्य अतिथि विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने विस्तार से प्रकाश डाला। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति प्रदान की गईं। मंच पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि शामिल हुए, पूरा मंच जरूरत से ज्यादा भरा नजर आया। मुख्य समारोह में सांदीपनी विद्यालय अशोकनगर की छात्राओं द्वारा वंदे मातरम तथा मध्यप्रदेश गान की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने जिलेवासियों को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए गौरव,उत्साह तथा प्रेरणा का दिन है। उन्होंने कहा भारत के हृदय में स्थित हमारा यह प्रदेश अपनी प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहरों और विविधताओं के लिए विशेष पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती ने देश को गौरवशाली इतिहास, महान व्यक्तित्वों, आध्यात्मिक परंपराओं और समृद्ध लोक संस्कृति की विरासत दी है। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए विकसित मध्य प्रदेश का निर्माण आवश्यक है। और विकसित मध्य प्रदेश के निर्माण में प्रत्येक जिले की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका है।

सामूहिक प्रयासों ने प्रदेश को गति प्रदान की: नीरज मनोरिया

नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि एक राज्य के रूप में भारतवर्ष के एक अभिन्न अंग के रूप में यहां के समस्त नागरिकों की सहभागिता से और सामूहिक प्रयासों से सभी क्षेत्रों में निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहा है। मध्यप्रदेश हृदय प्रदेश के भी एक नागरिक के रूप में हम सभी के सामूहिक प्रयासों से मध्यप्रदेश विकसित भारत 2047 के लिए और उसके आगे के लिए भी निश्चित रूप से कार्य करता रहेगा और हम विकसित मध्यप्रदेश और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करेंगे।

अशोकनगर जिले की प्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान

अशोकनगर जिला अपनी ऐतिहासिक विरासत, धार्मिक आस्था, प्राकृतिक सौंदर्य और मेहनतकश नागरिकों के लिए जाना जाता है। यह जिला केवल भौगोलिक पहचान नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। हमारे जिले की पहचान में चंदेरी का विशेष स्थान है। विश्व प्रसिद्ध चंदेरी साड़ी ने भारतीय हथकरघा परंपरा को विशिष्ट पहचान दिलाई है। चंदेरी का किला, बादल महल, राजा-रानी महल और ऐतिहासिक बावड़ियाँ हमारी समृद्ध स्थापत्य कला एवं पुरातात्विक विरासत की कहानी कहती हैं। यह भूमि धार्मिक आस्था से भी समृद्ध है। मुंगावली का माँ जानकी करीला धाम, कदवाया का माँ बीजासन माता मंदिर तथा चंदेरी का माँ जागेश्वरी माता मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था के प्रमुख केंद्र हैं। हमारे जिले की ऐतिहासिक पहचान में चंदेरी और उसके आसपास की प्राचीन धरोहरों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

कलेक्टर ने जिला प्रशासन की ओर से शुभकामनाएं दीं

कलेक्टर साकेत मालवीय ने मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर जिला प्रशासन की तरफ से सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि भारतवर्ष ने 1947 में आजादी प्राप्ति के पश्चात राज्यों के पुनर्गठन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी और उस प्रक्रिया के फलस्वरूप 1 नवंबर 1956 को मध्यप्रदेश राज्य का पुनर्गठन हुआ था। और तत्पश्चात हम मध्य प्रदेश राज्य के एक नागरिक के रूप में एक सदस्य के रूप में निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहे हैं और भारतवर्ष के प्रगति में अपना निरंतर योगदान कर रहे हैं।

आपसी भाईचारा और निष्ठा के साथ आगे आएं: जजपाल सिंह

पूर्व विधायक जजपाल सिंह ने कहा कि विकसित मध्यप्रदेश को निरंतर आगे ले जाने के लिये हम सभी नागारिकों की जिम्मेदारी है। हम सभी संकल्प ले और आपसी भाईचारे के साथ पूरी ईमारीदारी और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेगें जिससे हमारा देश,प्रदेश और जिला निरंतर प्रगति कर नई ऊचाईयों को छूयेगा।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में शासकीय सांदीपनी विद्यालय के बच्चों द्वारा"महुआ झरे आदिवासी लोक नृत्य" तथा "हमारों न्यारो मध्यप्रदेश" गीत पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुति दी। शिवपुरी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा 'बेटी की उडान" की सामूहिक नाटय प्रस्तुति दी गई।

मेधावी छात्रों को किया पुरस्कृत

संस्कृति विभाग द्वारा जिले के मेद्यावी 04 छात्रों को श्री कृष्ण मेद्यावी छात्रवृति योजना के अंतर्गत 01-01 लाख रूपये की राशि के चेक तथा प्रमाण पत्र वितरण किये गए। मुख्य अतिथि द्वारा महिका सेन,लोकेश लोधी,अती शर्मा तथा संमीक्षा पाण्डेय को चेक का वितरण किया गया।

कृषि क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरूस्कार वितरण

किसान कल्याण स्वामियान पर्व अंतर्गत कृषि क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरूस्कार वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने कृषि क्विज प्रथम विजेता उपेन्द्र यादव को प्रथम पुरूस्कार के रूप में ट्रेक्टर की चाबी,द्वितीय पुरूस्कार के रूप में गजराज सिंह लोधी को बुलेट गाडी तथा तृतीय पुरूस्कार के रूप में संजीव लोधी को ई-स्कूटी प्रदान की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित जनों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

प्रदर्शनी का किया अवलोकन

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रदेश के विकास पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक लड्डूराम कोरी, सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्य, जिला पंचायत सदस्य शीला जाटव,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अभिषेक यादव,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मलकीत सिंह, महेन्द्र भारद्वाज, लोकतंत्र सेनानी कमल सिंह रघुवंशी, अपर कलेक्टर डी एन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर,डिप्टी कलेक्टर भुनेश चैहान, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान, जनप्रतिनिधि,संतगण जिला प्रशासन के अधिकारी/कर्मचारी, पत्रकार, शिक्षक-शिक्षिकायें, छात्र-छात्रायें और बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता महेन्द्र जैन द्वारा किया गया।

रविवार को पुष्य नक्षत्र होने से व्यापार कमजोर रहा

दीपावली पर अच्छे व्यापार की व्यापारियों ने संभावनाए जताईं



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

दीपावली पूर्व रविवार को पुष्य नक्षत्र होने से अशोकनगर जिले में व्यापार कमजोर रहा। रविवार अवकाश का दिन होने के कारण दुकानदारों के यहां ग्राहकी जैसे हर बार रहती आई है वैसी नजर नहीं आई। दीपावली के इस त्यौहार पर पुष्य नक्षत्र को खरीददारी के लिए शुभ माना जाता है, इस बार यह नक्षत्र रविवार को होने से कारोबार धीमा रहा।

अशोकनगर व्यापारिक नगर है, इस शहर में पुष्य नक्षत्र पर दीपावली से पहले अधिकांश लोगों द्वारा वाहनों में कार, ट्रेक्टर बाईक, स्कूटी की खरीददारी की जाती है। अनेक लोग खरीददारी के लिए इस दिन का विशेष रूप से इंतजार करते हैं। जिले में इस बार सभी प्रकार की कंपनियों के ट्रेक्टरों की विक्री तो हुई लेकिन उनकी संख्या गतवर्ष से कम रहीं यह स्थिति अन्य वाहनो में भी देखी गई। हालांकि जिन्होंने पहले से अपने वाहन बुक कर दिए थे उन्होंने वाहन खरीदे। शहर में अगर इलेक्ट्रोनिक्स आइटम्स की बात करें तो यहां भी लोगों ने अपनी जरूरत के अनुसार सामान खरीदा। हालांकि मोबाइल विक्रेताओं को इस बार अच्छी विक्री की उम्मीद थी लोगों ने जरूरत के हिसाब से अपने सामान की खरीददारी की। पुष्य नक्षत्र में सराफा बाजार में भी कारोबार सोने चांदी के दामों में उतार चढ़ाव होने के कारण प्रभावित रहा।

सहेली महिला मंडल द्वारा सुंदर कांड का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पवित्र कार्तिक मास के पावन अवसर पर सहेली महिला मंडल द्वारा रघुनाथ मंदिर में दोपहर 3.30 बजे सुंदर कांड के पाठ का भक्तिमय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को अपनी जड़ों, संस्कारों और सनातन धर्म से जोड़ना है। इस अवसर पर उमा दुबे ने कार्तिक मास का महत्व बताया।

हिंदू धर्म में कार्तिक मास का विशेष आध्यात्मिक महत्व है। यह महीना आत्म-शुद्धि, दीपदान और भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त करने का समय माना जाता है। इस मास में किए गए सत्संग और सुंदर कांड जैसे धार्मिक अनुष्ठान न केवल मानसिक शांति प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और संस्कारों का संचार भी करते है कार्यक्रम की सहयोजिका मुन्नी बाई कुशवाह रही। कार्यक्रम मे वीणा व्यास चन्दा यादव नैना शर्मा मांडवी शर्मा चन्दा नायक आदि रहे मौजूद।

कनावटा में दो अलग-अलग स्थानों से पुलिस ने गांजे के 38 पौधे किए जब्त

कुल वजन 54.860 किलोग्राम जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



थाना चंदेरी पुलिस ने ग्राम कनावटा में दो अलग- अलग स्थानों पर दबिश देकर अवैध रूप से उगाए गए गांजे के कुल 38 पौधे, जिनका कुल वजन 54.860 किलोग्राम है, जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

प्रथम कार्रवाई में घर के आंगन में उगाए जा रहे गांजे के 13 पौधे जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार- चैकी प्रभारी विक्रमपुर उप निरीक्षक जूली रघुवंशी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कनावटा निवासी वीकेश यादव द्वारा अपने घर के आंगन में अवैध रूप से गांजे के पौधे उगाए जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा पंच साक्षियों के साथ मौके पर पहुंचकर विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी वीकेश पुत्र हनुमत सिंह यादव, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम कनावटा के घर के आंगन में अन्य पौधों के बीच गांजे के 13 छोटे-बड़े पौधे लगे हुए पाए गए। पुलिस टीम द्वारा उक्त पौधों को उखाड़कर तौल करने पर कुल वजन 18.800 किलोग्राम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 8,000 रुपये है। पुलिस द्वारा गांजे के पौधों को विधिवत जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

द्वितीय कार्रवाई में घर के पीछे स्थित खेरे से गांजे के 25 पौधे जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार- दूसरी कार्रवाई में पुलिस को ग्राम कनावटा निवासी सचिन उर्फ बबलू यादव के घर के पीछे स्थित खेरे में अवैध रूप से गांजे के पौधे उगाए जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर उप निरीक्षक कदम सिंह मीना एवं उप निरीक्षक जूली रघुवंशी सहित पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी सचिन उर्फ बबलू पुत्र वृघभान सिंह यादव, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम कनावटा के घर के पीछे स्थित खेरे में गांजे के 25 छोटे-बड़े पौधे लगे हुए पाए गए। पुलिस द्वारा उक्त पौधों को उखाड़कर तौल करने पर कुल वजन 36.060 किलोग्राम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 16,000 रुपये है।

जीएसटी ग्रुप ने ग्रामीण अचंलों में पहुंचकर गरीबों को दीपावली से पहले सामग्री का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



सेवा और सहयोग की भावना को साकार करते हुए गिविंग एंड शेयरिंग ट्रस्ट द्वारा दीपावली के पूर्व लगातार दसवें वर्ष ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद परिवारों को कपड़े, मिठाई एवं बच्चों को खिलौनों का वितरण किया गया। इस सेवा अभियान के अंतर्गत जीएसटी ग्रुप ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से अपील की थी कि वे अपने ऐसे पुराने कपड़े, जो अच्छी स्थिति में हैं और उनके उपयोग में नहीं आ रहे हैं, उन्हें जरूरतमंद ग्रामीण परिवारों तक पहुंचाने के लिए ग्रुप को दें। ग्रुप के सदस्यों ने स्वयं घर-घर जाकर लोगों से कपड़े एकत्रित किए और उन्हें एक स्थान पर व्यवस्थित किया। लोगों के सहयोग से इतनी बड़ी मात्रा में कपड़े एकत्रित हुए कि उन्हें एक छोटे हाथी वाहन में भरकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाया गया। गुप्र के सदस्यों ने ईसागढ़ के आसपास स्थित डेंगा मोचार, दयालपुर, आकलोन, गोपालपुर सहित अन्य गांवों में पहुंचकर घर-घर जाकर ग्रामीण परिवारों को कपड़ों का वितरण किया। वहीं बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए उन्हें खिलौने तथा ग्रामीण परिवारों को दीपावली की खुशियां बांटने के उद्देश्य से मिठाई के डिब्बे भी भेंट किए गए। ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल वस्तुओं का वितरण करना नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सेवा और सहयोग की भावना से जोड़ना है।

पूर्व विधायक स्व. राव देशराज सिंह यादव की पुण्यतिथि पर भजन संध्या का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

क्षेत्र के पूर्व विधायक स्वर्गीय राव देशराज सिंह यादव की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नगर परिषद मुंगावली ग्राउंड पर श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को राव सहाब के छोटे भाई राव शिवराजसिंह यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जिसमें क्षेत्र से बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर स्वर्गीय राव देशराज सिंह यादव को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर प्रसिद्ध बुंदेली भजन गायक केशराज बादल एवं गायिका निशा भारती ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया। भजन संध्या में देर तक श्रद्धालु भक्ति गीतों का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की सहभागिता रही। भजन संध्या में आये हुए जनप्रतिनिधियों का राव यादवेंद्र सिंह राव अजयप्रताप सिंह यादव राव अक्षय प्रताप सिंह यादव ने राधे राधे और जय श्रीराम की पट्टिकाओं को पहनाकर सभी गणमान्य व्यक्तियों का सम्मान ओर स्वागत किया गया। आयोजन के दौरान स्वर्गीय राव देशराज सिंह यादव के व्यक्तित्व, सामाजिक योगदान, जनसेवा और क्षेत्र के विकास में उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया गया। पुण्यतिथि के इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जनसेवा के कार्यों को स्मरण किया।

दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते खाद्य सामग्री के लिए गए नमूने



अशोकनगर। दीपावली त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी लीना नायक द्वारा शाढौरा मे निरीक्षण एवं नमूना कार्यवाही की गई। रैपिड टेस्ट किट के माध्यम से मौके पर दूध, पनीर एवं दुग्ध उत्पादों मे मिलावट की जाँच की गई तथा संदेह की आधार पर अंजली मिठाई की दुकान से मिल्क केक और मावा बर्फी का नमुना और बीकानेर मिठाई की शॉप से मथुरा पेडा, केसर पेडा नमकीन का नमुना लिया गया। निरीक्षण के दौरान आर एस सुपर मार्केट और लकी किराना मे गंदगी पाए जाने पर सुधार सूचना पत्र जारी किया गया।

संलेखना आत्महत्या नहीं, आत्म कल्याण है: मुनिश्री निरंजन सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली



मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने धर्मसभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि अन्त समय क्या करना है? आचार्यों ने इस प्रश्न के उत्तर में बहुत सुन्दर कहा है संलेखना करो। समीचीन रूप से काय और कषाय का लेखन अर्थात कृष करना संलेखना है, यहाँ लेखन शब्द कृष करने के अर्थ में आता है।

उन्होंने कहा कि संलेखना दो प्रकार की होती है, एक कषाय संलेखना, दूसरी काय संलेखना। शरीर को कृष करने का नाम काय संलेखना है और जब शरीर सूखता चला जाता है, उस समय राग-द्वेष नहीं करने का नाम कषाय संलेखना है। काय संलेखना का अर्थ है शरीर को छोड़ना, तो शरीर छोड़ने का नाम संलेखना नहीं है वह तो अपने आप छूट ही जाता है। दुनिया में जो आया है उसे जाना तो है यह सभी को पता है पर जाने से पहले इस जीवन के अर्थ को सार्थक करना होगा। इसी सार्थक सार्थकता का नाम ही संलेखना है। सल्लेखना को आत्महत्या या वध कहना या सोचना भी गलत है। आचार्यों ने कहा है मारणान्तिकीं सल्लेखनां जोषिता। अर्थात मरण के समय होने वाली सल्लेखना को प्रीति पूर्वक सेवन करना चाहिये। उत्साह पूर्वक, रुचि के साथ सल्लेखना को अंगीकार किया जाता है। लौकिक कहावत भी है अन्त भला सो सब भला। उसी प्रकार आप स्वयं बताईये की मरण को कोई इष्ट मानता है? नहीं ना! किन्तु मरण आ जाता है तो क्या करे? कोई दुकानदार है वह अपने पास अनेक प्रकार के सामान और पैसा आदि रखे हुए है, किसी कारणवश दुकान में आग लग गई तो वह क्या करेगा, पहले दुकान को बचाने का प्रयास करेगा लेकिन फिर भी यदि बचने की संभावना नहीं है, तो उस समय वह इधर-उधर नहीं देखता और जितना धन सोना-चाँदी, तिजोरी आदि बचाने योग्य है, उसको बचाने का प्रयास करता है। यदि वह भी नहीं बच पाता है तो वह अपने आपको बचाकर बाहर निकल आयेगा। इसी प्रकार जो साधक होता है वह अपने जीवन भर की साधना को बचाकर, अपनी आत्मा के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। इस प्रकार सल्लेखना में आत्मा का वध नहीं आत्मगुणों का संरक्षण है। अपने शरीर से भी रागादि भाव का ना होना ही सल्लेखना है। आचार्यों ने रागादि भावों के अभाव का नाम ही अहिंसा कहा है।

किराना सामान से लेकर मिठाई, दीपक और पूजन सामग्री तक महंगी

दीपावली के छह दिन शेष, बाजार में पसरा पड़ा सन्नाटा, महंगाई की मार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

दीपावली की जरूरी वस्तुओं के दामों में बढ़ोतरी

दीपों का पर्व दीपावली 8 नवंबर को परंपरागत हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। त्योहार में अब महज छह दिन शेष रह गए हैं, लेकिन इसके बावजूद नगर के बाजारों में अपेक्षित रौनक नजर नहीं आ रही है। जबकि हर वर्ष दीपावली से करीब 15 दिन पहले ही बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगती थी। इस बार महंगाई की मार और सीमित आय के चलते बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। नगर के विभिन्न व्यापारियों से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार दीपावली से जुड़ी वस्तुओं के दामों में औसतन 20 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। इसका सीधा असर ग्राहकों की खरीदारी पर दिखाई दे रहा है। वहीं दूसरी ओर किसान सोयाबीन की कटाई के बाद अगली फसल की तैयारी में जुटे हुए हैं। किसानों के अनुसार इस बार सोयाबीन की उपज कम हुई है, हालांकि बाजार में बेहतर भाव मिलने से उन्हें कुछ राहत जरूर मिली है। महंगाई का सबसे अधिक असर निम्न और मध्यम वर्गीय परिवारों पर दिखाई दे रहा है। सीमित आय में घर का खर्च चलाने वाले परिवार इस बार दीपावली का त्योहार भी सोच-समझकर और खर्च में कटौती करते हुए मनाने की तैयारी कर रहे हैं। रोजमर्रा की जरूरतों के साथ त्योहार की खरीदारी का बजट भी बिगड़ता नजर आ रहा है।

व्यापारियों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस बार किराना सामग्री के दामों में करीब 10 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। वहीं दीपावली पर उपयोग होने वाली वस्तुओं के दाम भी काफी बढ़ गए हैं। पिछले वर्ष 10 रुपये में मिलने वाले 12 मिट्टी के दीपक इस बार महज छह ही मिल रहे हैं। मिठाई के दाम 320 रुपये प्रति किलो से बढ़कर 400 रुपये प्रति किलो हो गए हैं। इसी प्रकार तेल 155 रुपये से बढ़कर 160 रुपये किलो, शुद्ध घी 600 रुपये से बढ़कर 650 से 700 रुपये किलो, बेसन 60 रुपये से बढ़कर 95 रुपये किलो और मैदा 30 रुपये से बढ़कर 35 रुपये किलो तक पहुंच गया है। इतना ही नहीं, दीपावली पर गोमाता को सजाने के लिए उपयोग होने वाला फुंदा, जो पिछले वर्ष 20 रुपये में मिलता था, इस बार 50 रुपये का हो गया है। वहीं 80 रुपये में मिलने वाली घंटी-माला की कीमत बढ़कर 150 रुपये हो गई है। ऐसे में दीपावली की पारंपरिक तैयारियां भी आम परिवारों के लिए महंगी साबित हो रही हैं।

ग्राहकों के इंतजार में बैठे व्यापारी

दीपावली के त्योहार को लेकर जहां एक ओर व्यापारी दुकानों में सामान सजाकर ग्राहकों के आने का इंतजार कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बाजारों में अभी तक अपेक्षित चहल-पहल दिखाई नहीं दे रही है। व्यापारियों को उम्मीद है कि त्योहार के अंतिम दिनों में खरीदारी बढ़ेगी और बाजारों में रौनक लौटेगी।अब देखना यह होगा कि दीपावली के शेष छह दिनों में बाजारों की तस्वीर बदलती है या नहीं। क्या ग्राहक जमकर खरीदारी करेंगे और व्यापारियों के चेहरों पर मुस्कान लौटेगी, या फिर महंगाई की मार के बीच इस बार दीपावली का उत्साह भी खरीदारी के सीमित बजट में सिमटकर रह जाएगा।

अब प्रशासन का कदम उठाने का इंतजार

बड़ली पर नहीं रुका अवैध खनन, और तेज हुई खनन करने की गतिविधियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

क्षेत्र की जामोन्या बड़ली पर अवैध खनन का मामला थमने का नाम नही ले रहा है। प्रतिबंध के बावजूद यहां व्यापक तौर पर मुरुम का अवैध खनन जारी है। रविवार को हरिभूमि ने प्रमुखता से इस मामले को प्रकाशित कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करवाया था। लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते यहां स्थितियो में कोई बदलाव देखने को नही मिल रहा है। खुलेरूप से धड़ल्ले से खुदाई कर मुरुम निकाली जा रही है। गौरतलब है कि यहां पहले ही वन विभाग प्रतिबंध लगा चुका है, वहीं प्रशासनिक और राजस्व विभाग की टीमें भी मौके पर पहुंचकर जांच कर चुकी हैं। इसके बावजूद खनन पर रोक नहीं लग पाना जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।

जांच हुई, लेकिन कार्रवाई का इंतजार

मामले में जांच और रिपोर्ट तैयार होने की बात सामने आने के बाद भी मौके पर खनन जारी रहना प्रशासनिक कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल उठाता है। जब प्रतिबंध के बावजूद लगातार उत्खनन हो रहा है, तो संबंधित विभाग अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं कर पाए? अब जरूरत केवल जांच तक सीमित रहने की नहीं, बल्कि मौके पर खनन बंद कराने और जिम्मेदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की है। देखना होगा कि लगातार सामने आ रहे मामले के बाद प्रशासन कब तक कदम उठाता है।

कई बार प्रशासन की टीमें भी पहुंच चुकी है लेकिन मामले में कार्रवाई सिफर रही

जामोन्या बड़ली में प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से जारी मुरुम का अवैध खनन



वन विभाग ने लगाया था प्रतिबंध

मौके पर मिला खनन, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सूनी

इनका कहना है

खेत पर जाते समय हादसा

नेशनल हाईवे पर ट्रैक्टर को ट्रक ने मारी टक्कर, चालक की मौत

डॉक्टर ने किया मृत घोषित, ट्रक चालक वाहन सहित फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर





नेशनल हाईवे पर रविवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। धनौरा निवासी 43 वर्षीय रामबाबू भारतीय अपने गांव से ट्रैक्टर लेकर खेत पर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उनके ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि रामबाबू गंभीर रूप से घायल हो गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार रविवार शाम करीब 4रू30 बजे धनौरा निवासी रामबाबू भारतीय पिता मांगीलाल भारतीय अपने गांव से ट्रैक्टर लेकर खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर एक ट्रक ने उनके ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रामबाबू को गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलने पर डायल 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल रामबाबू को उपचार के लिए सारंगपुर सिविल अस्पताल लाया गया। यहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर रविंद्र चंद्रावत ने प्राथमिक परीक्षण और उपचार के बाद रामबाबू भारतीय को मृत घोषित कर दिया। हादसे में मौत की खबर मिलते ही परिजनों में शोक छा गया। वहीं, दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस फरार ट्रक चालक और दुर्घटना के कारणों की जानकारी जुटा रही है।

5 लोगों पर मारपीट का मामला दर्ज, पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर होगी कार्रवाई

मारपीट के बाद जहर खाने वाले व्यक्ति की भोपाल में हो गई मौत, परिजनों ने थाने में किया हंगामा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

चार दिन पहले मारपीट के एक मामले में जहर खाने वालेशंकरपुरा निवासी युवक पप्पू कुशवाह (45) की रविवार को भोपाल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित परिजन शव लेकर नरसिंहगढ़ थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध जताया। इस दौरान परिजनों ने हंगामा करते हुए आरोपियों को फांसी देने की मांग की। हालांकि पुलिस ने समझाइश देकर मामले को शांत कराया, जिसके बाद कही युवक का अंतिम संस्कार करवाया गया। फिलहाल युवक के साथ मारपीट करने वाले पांच आरोपियो चिंता बाई पति गोलू कुशवाह, रमेश कुशवाह, कान्हा पिता छुटुआ कुशवाह, अजय पिता रमेश कुशवाह, गोलू पिता रमेश कुशवाह के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की बात कही है।

बाइक खराब होने के बाद हुआ था विवाद

जानकारी के अनुसार, 28 अक्टूबर की रात पप्पू कुशवाह अपने घर से कही जा रहा था इसी बीच रास्ते में एक घर के सामने उनकी बाइक खराब हो गई। इसी दौरान किसी बात वही रहने वाले निवासियों से किसी बात को लेकर विवाद हुआ और सम्बन्धितों ने पप्पू के साथ मारपीट कर दी। मारपीट की घटना के अगले दिन 29 अक्टूबर को युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें सिविल अस्पताल नरसिंहगढ़ लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर कर दिया गया। शनिवार को इस मामले में पप्पू के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। लेकिन रविवार को उपचार के दौरान मौत होने के बाद परिजनों ने कार्रवाई की मांग को लेकर थाने में शव रखकर प्रदर्शन किया। फिलहाल पुलिस तथ्यों की जांच कर रही है।

दूसरे पक्ष ने भी दिया आवेदन पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

मामले में दूसरे पक्ष की ओर से भी थाने में आवेदन दिया गया है। इसमें आरोप लगाया गया कि 28 अक्टूबर की रात बाइक खराब होने के दौरान पप्पू ने घर में मौजूद महिला को अपने साथ चलने के लिए कहा था। महिला ने इसकी जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद विवाद हुआ और पप्पू के साथ मारपीट की गई। दूसरे पक्ष ने महिला के साथ अभद्रता को विवाद का कारण बताया है। पुलिस के अनुसार, फिलहाल पांच लोगों के खिलाफ मारपीट का प्रकरण दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने और घटना से जुड़े तथ्यों की जांच के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

लीमाचौहान थाना प्रभारी बने निरीक्षक नरेंद्र कुमार बेलवंशी



सारंगपुर। पुलिस विभाग में प्रशासनिक फेरबदल के तहत निरीक्षक नरेंद्र कुमार बेलवंशी को लीमाचौहान थाने का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं, वर्तमान थाना प्रभारी गोविंद सिंह मीणा को कोतवाली राजगढ़ में पदस्थ किया गया है। शनिवार को राजगढ़ पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा जारी पदस्थापना आदेश के अनुसार लीमाचौहान थाना प्रभारी गोविंद सिंह मीणा को कोतवाली राजगढ़ भेजा गया है। वहीं, रक्षित केंद्र राजगढ़ में पदस्थ निरीक्षक नरेंद्र कुमार बेलवंशी को लीमाचौहान थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि निरीक्षक नरेंद्र कुमार बेलवंशी सितंबर 2026 में पीटीएस भौंरी भोपाल से स्थानांतरित होकर राजगढ़ आए थे। इससे पहले वे थाना कोहेफिजा व चैकी आनंद नगर, पिपलानी, अवधपूरी, एमपीनगर, भोपाल थाने में उपनिरीक्षक (एसआई) के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। पुलिस विभाग में उनके पूर्व अनुभव को देखते हुए उन्हें लीमाचौहान थाने की कमान सौंपी गई है। लीमाचैहान थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर अंकुश लगाने और आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण की जिम्मेदारी अब नए थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार बेलवंशी के पास रहेगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अपराध और अपराधियों पर सख्ती से अंकुश लगाया जाएगा, किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, गोविंद सिंह मीणा की कोतवाली राजगढ़ में नई पदस्थापना की गई है।

हरदीप सिंह पुरी को राज्यसभा प्रत्याशी बनाने के विरोध में कांग्रेस ने फूंका पुतला

विरोध प्रदर्शन कर कांग्रेस ने इस फैसले पर नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर



रविवार को शाम के समय नगर के बस स्टैंड पर हरदीप सिंह पुरी को मध्यप्रदेश से राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने के विरोध में कुरावर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। मंडलम अध्यक्ष सोनार सिंह राजपूत के नेतृत्व में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस फैसले पर नाराजगी जाहिर करते हुए विरोध जताया।

प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान मंडलम अध्यक्ष सोनार सिंह राजपूत, पार्षद राजू चैकसे, सचिन गिरी, राजेश मीणा, लखन चैहान, राज चैहान, रामेश्वर भिलाला, पिंटू, मनोज चंद्रवंशी, आशुतोष कलमोदिया, निर्भय सिंह एवं राजेंद्र प्रसाद शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

स्प्रिंगफील्ड के छात्र नितिन ने 5 हजार मीटर की मैराथन जीती, कुलसुम ने सेकंड आकर सिल्वर मेडल हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राष्ट्रीय एकता दिवस एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर शनिवार को जिला पुलिस बल द्वारा पुलिस लाइन में 5 किलोमीटर मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें 500 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, विधायक मुकेश टंडन, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी और वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव ने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई। मैराथन पुलिस लाइन से शुरू होकर नीमताल ओवरब्रिज, ट्रैफिक थाना, खेल स्टेडियम और हरिपुरा पुलिया होते हुए वापस पुलिस लाइन पहुंची। जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भी खिलाड़ियों के साथ दौड़ पूरी की। प्रतियोगिता में अंडर-15 और 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 3 हजार, 2 हजार और 1 हजार रुपए नकद पुरस्कार के साथ शील्ड देकर सम्मानित किया गया। स्प्रिंगफील्ड वर्ल्डस्कूल के छात्र नितिन यादव 5 हजार मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता छात्रा कुलसुम ने दूसरा स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया।

अनियंत्रित हुई बाइक युवक गंभीर घायल

ग्यारसपुर। ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के मढ़ीपुर के पास शनिवार शाम समय गाय को बचाने के चक्कर में 28 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से विदिशा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। विकास कुर्मी पुत्र रमेश कुर्मी (28 वर्ष) निवासी ग्राम नौरजा बाइक से रायसेन जा रहा था। मढ़ीपुर के पास सड़क पर आई गाय को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई।

धरोहरों से लेकर आधुनिक तकनीक तक की प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

वात्सल्य स्कूल के मेले में दिखा 2047 का आत्मनिर्भर भारत, छात्रों ने मॉडल से दिखाई भविष्य की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शनिवार को वात्सल्य परिवार की ओर से यूनिटी फन फेयर का आयोजन किया गया। बाल मेले में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच से वर्ष 2047 के आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर प्रस्तुत की। मेले में मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, विदिशा के ऐतिहासिक स्थलों और भविष्य की आधुनिक तकनीकों पर आधारित मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, गुरुदेव नंदकिशोर श्रीमाली और सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, संयुक्त कलेक्टर दीपाश्री गुप्ता, सपना जैन, केके साहू, संदीप डोंगर सिंह, बसंत जैन सहित शहर के गणमान्य नागरिक और अभिभावक मौजूद रहे। अंत में संस्था संचालक देवना अरोरा, नम्रता अरोरा, रुचिरा अरोरा, प्रतीक कोहली और संजय शर्मा ने अतिथियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार माना।



विदिशा। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मॉडल बनाकर प्रस्तुत किए।

'हमारा मध्यप्रदेश' विषय पर प्रदर्शनी लगाई

विद्यालय परिसर में 'हमारा मध्यप्रदेश' विषय पर विशेष प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें वात्सल्य और मानसरोवर के विद्यार्थियों ने उदयगिरि की गुफाओं, चरणतीर्थ मंदिर, बालाजी मंदिर, बीजा मंडल, हिंडोला तोरण, हेलियोडोरस स्तंभ (खाम बाबा), लोहांगी पहाड़ी और देवी के बाग के आकर्षक मॉडल तैयार किए। सांची स्तूप सहित मालवा, निमाड़, बुंदेलखंड और बघेलखंड की संस्कृति, परंपराओं और रहन-सहन को भी मॉडल के माध्यम से दर्शाया गया। वैज्ञानिक प्रदर्शनी में विद्यार्थियों के पाईजोइलेक्ट्रिसिटी आधारित मॉडल ने विशेष ध्यान खींचा। इसमें दबाव और कंपन से बिजली पैदा करने की तकनीक समझाई गई। वहीं इकोनोवा 2047 मॉडल के जरिए भविष्य के आत्मनिर्भर शहर की कल्पना प्रस्तुत की गई। इसमें सौर एवं पवन ऊर्जा, वर्षा जल संचयन, हरित भवन, स्मार्ट यातायात और अपशिष्ट प्रबंधन जैसी व्यवस्थाएं दिखाई गईं। मेले में बच्चों ने खानपान के स्टॉल भी लगाए। पानीपुरी, दहीपुरी, भेलपुरी, मंगोड़ी और चाट का अभिभावकों ने स्वाद लिया। वहीं घुड़सवारी, मिकी माउस और झूलों का बच्चों ने आनंद उठाया। अतिथियों और अभिभावकों ने विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता, मेहनत और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की।

ऑनलाइन ठगी रोकने बैंक मैनेजरों की बैठक में निर्देश

संदिग्ध लेनदेन की सूचना मिलते ही खाते को होल्ड करने के निर्देश, ठगी की रकम दूसरे खातों में जाने से रोकने पर जोर

विदिशा। डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पहल की है। एसपी रोहित काशवानी ने कोतवाली थाने में जिले के सभी बैंकों के मैनेजरों की बैठक लेकर साइबर ठगी से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

बैठक में एसपी ने कहा कि साइबर ठगी की रकम अक्सर अपराधी अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में संदिग्ध लेनदेन की पहचान कर खातों को होल्ड करना जरूरी है। पुलिस से किसी खाते या ट्रांजेक्शन के संबंध में सूचना मिलने पर बैंक अधिकारी तत्काल कार्रवाई करें। बैठक में पुलिस अधिकारियों और बैंक मैनेजरों ने ऑनलाइन ठगी के मामलों, संदिग्ध खातों और रकम के लेनदेन को रोकने के तरीकों पर चर्चा की।

सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि, छात्रों ने ली एकता की शपथ

विदिशा। साकेत एमजीएमसी स्कूल में भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट के तहत सातवें फिट इंडिया रन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने एकता एवं स्वतंत्रता की शपथ ली। दौड़ का संदेश 'एकता को नमन, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि और फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज' रहा। प्राचार्य डॉ. जीडी पाटिल ने प्रतिदिन 30 मिनट शारीरिक गतिविधि करने का संकल्प दिलाया। दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।